Phone : 0591-2485594

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

1-ए/आई.एन.एस.-1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Baudha Vihar, Delhi Road, Moradabad

सन्दर्भ 704/D-8/अनाप   दिनांक 4/3/16

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी,
संयुक्त कार्यालय, कृते जिलाधिकारी,
जिला–रामपुर।

विषयः अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बंध में ।

महोदय,

कृपया अपने पत्रांक–1635/जे0ए0–2, दिनांक–26.10.15 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त सम्बंध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा सीनियर डिवीजनल रिटेल सेल्स मैनेजर, मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0, बरेली द्वारा ग्राम–पटवाई, तहसील–शाहबाद, जिला–रामपुर के गाटा संख्या–450 में पेट्रोल पम्प स्थापित किये जाने के सम्बंध में आख्या चाही गयी है, के सम्बंध में अवगत कराना है कि उक्त स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के वैज्ञा0सहा0, श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा द्वारा दिनांक 12.02.2015 को किया गया। निरीक्षण आख्या संलग्न है। निरीक्षण आख्या के अनुसार पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। बेशर्ते कि भण्डारण से किसी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप ऐग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

आख्या आपके अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है।

भवदीय

(अजय शर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी

AKV lette 220-

प्रभारी अधिकारी, संयुक्त कार्यालय, कृते जिलाधिकारी, रामपुर के पत्रांक–1635/जे0ए0–2, दिनांकः 26.10.15 के अनुपालन में सीनियर डिवीजनल रिटेल सेल्स मैनेजर, मैसर्स इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लि0, बरेली द्वारा ग्राम–पटवाई, तहसील–शाहबाद, जिला–रामपुर के गाटा संख्या–450 पर पेट्रोल पम्प स्थापित किये जाने के सम्बंध में निरीक्षण आख्या–

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक 12.02.2016 को किया गया। स्थल निरीक्षण के समय निम्न तथ्य प्रकाश में आये–

1. प्रस्तावित पेट्रोल पम्प ग्राम–पटवाई, तहसील–शाहबाद, जिला–रामपुर के गाटा संख्या–450 पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
2. प्रस्तावित स्थल के पूर्व दिशा में रामपुर–शाहबाद रोड, दूरी लगभग 50 मीटर, पश्चिम दिशा में ग्राम–पटवाई, दूरी लगभग 100 मीटर एवं उत्तर दिशा में ग्राम–पटवाई, दूरी लगभग 150 मीटर तथा दक्षिण दिशा में कृषि योग्य भूमि स्थित है।
3. प्रस्तावित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है।
4. प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उपयुक्त प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है ।

(अनिल कुमार विश्वकर्मा)
वैज्ञा0सहा0

सहा0वैज्ञा0अधि0 / क्षेत्रीय अधिकारी महोदय

02/03/2016 02.3.16